# 50 देशों के साथ एफटीए पर बातचीत

## सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर ऊंची : पीयूष गोयल

**नयी दिल्ली, 28 नवंबर (वार्ता) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत मौजूदा समय में 14 देशों और देश के समूह के साथ मुक्त व्यापार संधि (एफटीए) पर बात कर रहा है जिसमें कुल 50 देश शामिल हैं. गोयल ने यहां उद्योग मंडल फिक्की के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय में हमने देखा है कि किस तरह से व्यापार को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया गया है.**



श्री गोयल ने देश की अर्थव्यवस्था के मजबूत संकेत कों का जिक्र करते हुए कहा कि इस समय देश का विदेशी मुद्रा भंडार ऐतिहासिक स्तर पर है. मुद्रास्फीति की दर एक दशक में सबसे कम है. ब्याज दर कम बनी हुई है. बैंकों का एनपीए आधा फीसदी से भी कम है. सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर ऊंची बनी हुई है. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले यह माना जाता था कि अच्छी अर्थव्यवस्था और अच्छी राजनीति एक साथ नहीं हो सकती, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने इस अवधारणा को खंडित कर दिया है. उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भरता हमारे देश के डीएनए में है.

इस दौरान हमने दुनिया में विश्वसनीय सहयोगियों की जरूरत को भी महसूस किया है और यह समझा है कि हमें उन देशों के साथ मिलकर काम करना चाहिए जो निष्पक्ष व्यापार और समान अवसर में विश्वास करते हैं. उन्होंने कहा कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, ब्रिटेन और चार देशों के यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) समूह के साथ पहले ही एफटीए को मूर्त रूप दे दिया है. भारत इस समय 14 देशों या देशों के समूहों के साथ वार्ता कर रहा है जिसमें कुल 50 देश शामिल हैं. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत उन देशों के साथ एफटीए पर बात कर रहा है जो हमारे व्यापार के लिए महत्वपूर्ण है और विकसित देश है ताकि हम एक दूसरे के पूरक बन सकें.

उन्होंने कहा कि भारत के साथ दुनिया के सभी देश एफटीए करना चाहते हैं क्योंकि यहां ऐसी सरकार है जिसकी नीति कारोबार और सार्वजनिक हित को बढ़ावा देती है. यहां कारोबार की आसानी है, हमने प्रासंगिकता खो चुके पुराने नियमों को बदला है. यहां युवा आबादी है जो टेक्नोलॉजी को तेजी से अपनाने में सक्षम है.

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.47 अरब डॉलर घटा

**मुंबई, 28 नवंबर.** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 4.472 अरब डॉलर घटकर 688.104 अरब डॉलर पर आ गया. इससे पहले 14 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा का देश का भंडार 5.543 अरब डॉलर बढ़कर 692.576 अरब डॉलर पर पहुंच गया था. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 21 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 1.69 अरब डॉलर की गिरावट रही और यह 560.60 अरब डॉलर रह गया. इसमें डॉलर के अलावा जापानी येन, यूरो और ब्रितानी पाउंड भी शामिल हैं जिनका मूल्य उनकी संदर्भ दर के आधार पर तय होता है. स्वर्ण भंडार 2.675 अरब डॉलर घटकर 104.182 अरब डॉलर पर रहा.

## डिजिटल इकोनॉमी में महिलाएं तीन गुना आगे

**नयी दिल्ली, 28 नवंबर. राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर राहटकर ने गुरुवार को कहा कि ई-कॉमर्स के विस्तार, ऑनलाइन सेवा प्लेटफॉर्म और वर्क-फ्रॉम-होम अवसरों के कारण अगले पांच साल में डिजिटल अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी तीन गुना बढ़ेगी.**



राहटकर ने यहां फिक्की द्वारा आयोजित दूसरे कार्यबल में महिलाएं सम्मेलन में बताया कि प्रौद्योगिकी और कार्य व्यवस्था में लचीलापन महिलाओं के रोजगार के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा कर रही हैं. उन्होंने कहा, हम अनुमान लगाते हैं कि साल 2030 तक ई-कॉमर्स, ऑनलाइन सेवाओं, डिजिटल प्लेटफॉर्म और वर्क-फ्रॉम-होम के माध्यम से महिलाओं का डिजिटल रोजगार कम से कम तीन गुना बढ़ सकता है. उन्होंने कहा कि शिक्षित महिलाओं को उभरते क्षेत्रों में कहीं अधिक रोजगार अवसर मिलेंगे. रहाटकर ने ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में प्रगति का जिक्र किया, विशेष रूप से अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह का उदाहरण देते हुए, जहां कम जनसंख्या के बावजूद एक हजार से अधिक लखपति दीदियां हैं जो हर साल एक लाख रुपये से अधिक कमाती हैं.

### फिक्की वीमिन एम्पावरमेंट अवॉर्ड्स प्रदान किये गये

सम्मेलन में कार्यस्थल में लैंगिक विविधता बढ़ाने के प्रयासों के लिए द्वितीय फिक्की वीमिन एम्पावरमेंट अवॉर्ड्स भी प्रदान किये गये. डियाजियो इंडिया (यूनाइटेड स्पिरिट्स) को 3,001 करोड़ रुपये से अधिक वार्षिक कारोबार वाली निजी कंपनियों में वरिष्ठ प्रबंधन में महिलाओं के प्रतिनिधित्व के लिए शीर्ष सम्मान मिला. द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने सार्वजनिक क्षेत्र का पुरस्कार जीता. नोवार्टिस हेल्थकेयर को इस श्रेणी में ज्यूरी द्वारा सराहा गया. करियर विकास, कौशल विकास और मेंटरशिप श्रेणी में सब्रोस लिमिटेड और एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को बड़ी निजी कंपनियों में संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया.

## एनसीआर में डाटा अपलोड में एयरटेल नंबर एक पर




**नयी दिल्ली, 28 नवंबर. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने दिल्ली-एनसीआर में नेटवर्क आंकलन की रिपोर्ट गुरुवार को जारी की जिसमें डाटा डाउनलोड स्पीड में रिलायंस जियो और अपलोड स्पीड में एयरटेल पहले नंबर पर रहा.**

नेटवर्क आंकलन के लिए फील्ड परीक्षण 06-10 अक्टूबर के दौरान किये गये थे. इसमें 402 किलोमीटर तक ड्राइव के दौरान और 6.1 किलोमीटर तक पैदल चलते हुए परीक्षण किये गये. इसके अलावा 14 हॉटस्पॉट लोकेशनों पर भी नेटवर्क की गुणवत्ता जांच की गयी. ट्राई की रिपोर्ट में कहा गया है कि डाटा डाउनलोड के मामले में रिलायंस जियो की औसत स्पीड 249.02 एमबीपीएस, एयरटेल की 234 एमबीपीएस, वोडाफोन आइडिया की 25.98 एमबीपीएस और एमटीएनएल की 1.68 एमबीपीएस रही.

अपलोड स्पीड के मामले में 31.83 एमबीपीएस के साथ एयरटेल पहले, 25.98 एमबीपीएस के साथ जियो दूसरे, 11.38 एमबीपीएस के साथ वोडाफोन आइडिया तीसरे और 1.68 एमबीपीएस के साथ एमटीएनएल अंतिम स्थान पर रहा.

## डॉ. पी. अरुलमोझीवर्मन हुए कुलपति प्रभारी नियुक्त



**नई दिल्ली, 28 नबवंर. वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय ने डॉ. पी. अरुलमोझीवर्मन को नया कुलपति (प्रभारी) नियुक्त किया. उन्होंने 21 नवंबर को निवर्तमान कुलपति डॉ. एस. वी. कोटा रेड्डी से पदभार ग्रहण किया. एक दूरदर्शी शैक्षणिक नेता, प्रतिष्ठित शोधकर्ता और गतिशील प्रशासक, डॉ. अरुलमोझीवर्मन अपने साथ उत्कृष्टता और नवाचार की एक विरासत लेकर आए हैं जो वैश्विक-गुणवत्ता शिक्षा और परिवर्तनकारी अनुसंधान के प्रति वीआईटी-एपी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है.**

एक विशिष्ट शैक्षणिक और प्रशासनिक करियर के साथ, डॉ. अरुलमोझीवर्मन ने वीआईटी समूह के संस्थानों में कई प्रमुख नेतृत्व पदों पर कार्य किया है. हाल ही में, उन्होंने वीआईटी, वेल्लोर (2021-2025) में डीन - अकादमिक अनुसंधान का पद संभाला और इससे पहले स्कूल ऑफ इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (2015-2018) के डीन के रूप में कार्य किया, जहाँ उन्होंने शैक्षणिक मानकों को ऊँचा उठाने और विश्व स्तरीय अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

उन्होंने रॉबर्ट बॉश, हनीवेल, सैमसंग आरएंडडी, जॉनसन कंट्रोल्स, श्नाइडर इलेक्ट्रिक, डैनफॉस और जीई जैसे अग्रणी उद्योगों के साथ मज़बूत साझेदारियाँ भी स्थापित की हैं, और प्रायोजक-संचालित नवाचार प्रयोगशालाओं की सुविधा प्रदान की है जो छात्रों और संकाय सदस्यों को वास्तविक दुनिया की तकनीकी चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाती हैं. अपनी नियुक्ति पर बोलते हुए, डॉ. पी. अरुलमोझीवर्मन ने कहा-विकास के इस रोमांचक चरण में वीआईटी-एपी विश्वविद्यालय का नेतृत्व करते हुए मुझे बेहद सम्मानित महसूस हो रहा है. अपने संकाय सदस्यों, छात्रों और हितधारकों के साथ मिलकर, हम उत्कृष्टता, नवाचार और सामाजिक प्रभाव का वातावरण विकसित करना जारी रखेंगे.

## शेयर बाजारों में तेजी थमी

**मुंबई, 28 नवंबर.** विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के बीच निजी बैंकों, तेल एवं गैस और रियलिटी सेक्टरों की कंपनियों में बिकवाली के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखी गयी. बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 13.71 अंक (0.02 प्रतिशत) टूटकर 85,700.29 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 14.95 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की गिरावट में 26,200.60 अंक पर रहा. दोनों सूचकांक गुरुवार को 14 महीने के उच्चतम स्तर पर बंद हुए थे. मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट देखी गयी. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.21 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.15 प्रतिशत फिसल गया. विदेशी बाजारों में भी शुक्रवार को गिरावट दर्ज की गयी.

## एयरपोर्ट अथॉरिटी के पैवेलियन को मिला गोल्ड अवॉर्ड

**नयी दिल्ली, 28 नवंबर. दिल्ली के भारत मंडपम में 14 से 27 नवंबर तक आयोजित भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के पैवेलियन को लोगों ने खूब सराहा और समापन के दिन आयोजित कार्यक्रम में सार्वजनिक उपक्रमों की श्रेणी में इसे गोल्ड अवॉर्ड प्रदान किया गया.**

पैवेलियन के खूबसूरत डिजाइन और आकर्षक डिजिटल अनुभव ने आम लोगों और बच्चों को खूब लुभाया और उन्हें देश के विमानन क्षेत्र के बारे में विस्तार से जानने का मौका मिला. एएआई के अध्यक्ष विपिन कुमार ने भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के प्रबंध निदेशक नीरज खरवाल के हाथों यह पुरस्कार ग्रहण किया. इस पैवेलियन को एक भारत, श्रेष्ठ भारत की थीम पर तैयार किया गया था. इसका द्वार वृत चाप के आकार का बनाया गया था जिसे एलईडी से प्रकाशित किया गया था.

पैवेलियन के अंदर विभिन्न हवाई अड्डों के मॉडल, इंटरैक्टिव टच कियोस्क, एनामॉर्फिक डिस्प्ले वॉल आदि थे. कियोस्क पर लोगों ने उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना, स्टार्टअप नीति, एएआई-रूट्स एशिया 2025 और देश के हवाई नेटवर्क मानचित्र के बारे में जानकारी ली. इन 14 दिनों के दौरान एयर क्विज आयोजित किये गये.

## डीआरएम ने की उद्योग प्रतिनिधियों के साथ बैठक

**अहमदाबाद, 28 नवबंर. पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल द्वारा गांधीधाम में गांधीधाम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक एवं संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक, अहमदाबाद श्री वेद प्रकाश ने की.**




इस बैठक में उद्योग प्रतिनिधियों, व्यापारिक संस्थाओं तथा विभिन्न हितधारकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रेल परिवहन को अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के लिए अपने सुझाव एवं अपेक्षाएँ साझा कीं. कच्छ औद्योगिक कॉरिडोर से 50 से अधिक माल परिवहन का लक्ष्य बैठक का मुख्य फोकस कच्छ औद्योगिक क्षेत्र से 50 मिलियन टन से अधिक माल परिवहन के लक्ष्य को मजबूती देना था. श्री प्रकाश ने बताया कि पश्चिम रेलवे उद्योग जगत के साथ साझेदारी को और मजबूत करते हुए लॉजिस्टिक्स को तेज़, विश्वसनीय और प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है. अहमदाबाद मंडल और गांधीधाम सब-डिवीजन की उत्कृष्ट उपलब्धियाँ वर्ष 2025-26 के पहले सात माह में 29.18 मिलियन टन माल परिवहन का उल्लेखनीय कीर्तिमान स्थापित किया गया है.

## कोटक लाइफ का एयूएम एक लाख करोड़ के पार

**मुंबई, 28 नवम्बर. कोटक महिंद्रा बैंक के पूर्ण स्वामित्व वाली जीवन बीमा कंपनी कोटक महिंद्रा लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति (एयूएम) एक लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है.**

कंपनी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि यह उपलब्धि कंपनी की लगातार बढ़ती प्रगति, पॉलिसी धारकों की परिसंपत्ति की समझदारी से प्रबंधन और ग्राहकों तथा भागीदारों द्वारा कोटक लाइफ पर जताये गये भरोसे को दर्शाती है. कोटक लाइफ के प्रबंध निदेशक महेश बालासुब्रमण्यम ने कहा, हमारे 25वें साल में एक लाख करोड़ रुपये के एयूएम का स्तर पार करना सिर्फ एक वित्तीय उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह हमारे ग्राहकों और भागीदारों द्वारा हम पर किये गये भरोसे को भी दिखाता है. कोटक लाइफ में हम नवाचारी उत्पाद, डिजिटल-प्राथमिक समाधान और ग्राहकों की जरूरतों पर लगातार ध्यान देकर स्थायी मूल्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

## विदेशी परिसम्पत्तियों पर सरकार का कड़ा फोकस

**नयी दिल्ली, 28 नवंबर. केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने विदेशी परिसंपत्तियों के संबंध में कर दायित्व के स्वैच्छिक अनुपालन को मजबूत करने के लिए दूसरा नज अभियान शुरू करने की घोषणा की है जिसके तहत इकाइयों को उनसे संबंधित सूचनाओं के आधार पर अनुपालन के लिए उनका मार्गदर्शन किया जाता है और उन्हें सहयोग दिया जाता है.**

कालेधन पर वार : विदेशी संपत्ति धारकों को चेतावनी

सरकार का नया ड्राइव : विदेशी संपत्तियां करें वैध घोषित

वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार दूसरी नज पहल के तहत सीबीडीटी 28 नवंबर 2025 से चिन्हित करदाताओं को एसएमएस और ईमेल भेजेगा, जिसमें उन्हें दंडात्मक परिणामों से बचने के लिए 31 दिसंबर 2025 तक या उससे पहले स्वेच्छा से अपने आईटी रिटर्न की समीक्षा और संशोधन करने की सलाह दी जाएगी सीबीडीटी ने कर सूचनाओं के स्वचालित आदान-प्रदान के समझौतों के तहत दूसरे देशों से वित्त वर्ष 2024-25 की सूचनाओं के विश्लेषण में उच्च जोखिम वाले ऐसे मामले देखें है जहां अघोषित विदेशी परिसंपत्तियां होने की संभावना है.

इस अभियान का उद्देश्य आईटीआर में अनुसूची विदेशी संपत्ति (एफए) और विदेशी स्रोत आय (एफएसआई) की सही रिपोर्टिंग को सुगम बनाना है. आयकर अधिनियम, 1961 और काला धन (अघोषित विदेशी आय और संपत्ति) एवं कर अधिरोपण अधिनियम, 2015 के तहत विदेशी संपत्ति और आय का सटीक और पूर्ण खुलासा एक सांविधिक अनिवार्यता है.

समाचार विशेष

## बीजेपी को हराने बड़ा दांव चलने जा रहे पवार

**मुंबई. महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई की सत्ता पर बीजेपी को काबिज होने से रोकने के लिए शरद पवार पावरगेम खेलेंगे. महाराष्ट्र में राज ठाकरे की अगुवाई वाली मनसे को लेकर उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी और कांग्रेस के बीच तल्खी बढ़ने के बाद शरद पवार के खेमे से पावरगेम की तैयारी सामने आई है.**



मुंबई में बीजेपी के अगुवाई वाली गठबंधन को शिकस्त देने और बीएमसी की सत्ता पर शिवसेना यूबीटी का कब्जा बरकरार रखने के लिए शरद पवार पूरी जोरआजमाइश करेंगे, ताकि विपक्षी एकता बनी रहे और राज ठाकरे की मनसे को भी एमवीए यानी महाविकास आघाड़ी में एंट्री मिल जाए.

**कांग्रेस आलाकमान से करेंगे चर्चा-** मुंबई बीएमसी चुनावों में ठाकरे ब्रदर्स (राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे) को साथ लेने के मुद्दे पर शरद पवार कांग्रेस नेतृत्व से चर्चा करेंगे. शरद पवार इसके लिए दिल्ली दरबार में यह मुद्दा उठाएंगे, ताकि मुंबई में बीजेपी को शिकस्त दी जा सके. शरद पवार के करीबी नेता और विधायक जितेंद्र आव्हाड ने इसके संकेत दिए हैं. उन्होंने एक बयान में कहा है कि बीजेपी को पराजित करना मुख्य उद्देश्य है. बीएमसी चुनावों से महाराष्ट्र की राजनीति में नए समीकरणों के के बीच महाविकास आघाड़ी के टूटने की आशंका व्यक्त की जताई है.

### अखिलेश यादव की बड़ी ब्रांडिंग

**नई दिल्ली.** बिहार में महागठबंधन भले हार गया है और उसका नेतृत्व कर रहे तेजस्वी यादव को लेकर 10 तरह के सवाल उठ रहे हैं लेकिन उससे अलग समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की बड़ी और सकारात्मक ब्रांडिंग हो रही है. सोशल मीडिया में राजद का इकोसिस्टम भी अखिलेश की तारीफों के पुल बांध रहा है तो सपा के प्रवक्ता व नेता तो उनका प्रचार कर ही रहे हैं. कहा जा रहा है कि बिहार में उनकी पार्टी को महागठबंधन की ओर से एक भी सीट नहीं दी गई थी फिर भी अखिलेश ने दो दर्जन से ज्यादा रैलियां कीं. वे हेलीकॉप्टर लेकर बिहार के अलग अलग हिस्सों में प्रचार करने पहुंचे थे.


**Land for Sale at Kaanha (M.P.)**

Clear title land for sale in Kaanha. Ideal for farmhouse and residential plotting. Contact **9074747174 / 9072311440** for further details.

**NAME CHANGE**

I SONU DEVI is legally wedded wife of no 14650585H Rank HAV Name Umlesh Kumar Tiwari Resident.Vill-Bakiya Post - Bakiya, Teh - Rampur Baghelan Dist-Satna MP-485111 Declare that my name in my my husband's service Recorde is Sonu Devi. Now My name has been changed from SONU DEVI TO SONU TIWARI Vide affidavit No CU757294 dt 24-10-2025 before District Court Bhopal.

**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम मर्यादित**

Your host in the heart of India www.mpstdc.com

**पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003**

**फोन : +91-755-4027100, 2774340/42, www.mpstdc.com**

**क्रमांक 412/यांत्रिकी/पविनि/25** **दिनांक : 28.11.2025**

**निविदा सूचना 186/2025_STDC_465227_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम** - शौर्य स्मारक, भोपाल की आर्ट गैलेरी में बाहरी विद्युतीकरण, फसाड लाइटिंग, इल्युमिनेशन, ई.एल.व्ही. एवं फायर फाइटिंग के कार्य। (01 माह)। **कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 93.32 लाख**

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 12.12.2025 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/123260/2025 **कार्यपालन यंत्री**

**मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड**

प्रकाश एवं विकास

**कार्यालय उप महाप्रबंधक (सिविल), चम्बल कालोनी, गोविन्दपुरा, भोपाल**

**फोन ऑफिस : 0755-2678206 ई-मेल : gmcivil.mkvvcl@gmail.com**

**क्रमांक 050/उपमहाप्रबं/सि./3701-02** **भोपाल, दिनांक : 28.11.2025**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सिविल वृत्त भोपाल के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु कम्पनी/म.प्र. शासन/केन्द्रीय शासन के विभिन्न विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत, ई.पी.एफ. नं. एवं जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन नं. प्राप्त ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में लोक निर्माण विभाग म.प्र शासन के दिनांक 01.01.2024 से प्रभावशील (वर्तमान तक संशोधित) एस.ओ.आर. (भवन एवं विद्युत) बेस रेट में 18 प्रतिशत जी.एस.टी जोड़ कर, भावपत्र e-निविदा के माध्यम से आमंत्रित किये जाते हैं।

| निविदा सूचना क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख में | धरोहर राशि रुपये में |
|---|---|---|---|
| उपमप्रसि/भो./70/01 (ई. निविदा क्र 2025_MKVVC_465289_1) | संचा/संधा वृत्त राजगढ़ अंतर्गत 33/11 के.व्ही उपकेन्द्र बोरखेड़ा का निर्माण एवं अन्य सिविल संबंधित कार्य कराने बावत्। | 14.00 लाख | 28,000/- |
| उपमप्रसि/भो./70/02 (ई. निविदा क्र 2025_MKVVC_465290_1) | संचा/संधा वृत्त राजगढ़ अंतर्गत 33/11 के.व्ही उपकेन्द्र कांचरी का निर्माण एवं अन्य सिविल संबंधित कार्य कराने बावत्। | 14.00 लाख | 28,000/- |

**निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय** : 29.11.2025 from 10:30 Hrs.

**ऑनलाईन निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 08.12.2025 up to 15:00 Hrs.

**निविदा खुलने की दिनांक/ समय** : 09.12.2025 at 15:00 Hrs.

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कंपनी की बेबसाइट **portal.mpcz.in** पर देखें एवं **mptenders.gov.in** पोर्टल से निविदा क्रय कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/123270/2025 **उपमहाप्रबंधक (सिविल)**

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**

**Office of The Chief General Manager (Bhopal Region), Nishtha Parisar, Bijlinagar Govindpura, Bhopal-462023, Phone : 0755-2588291, E-mail :sepurchasebr@gmail.com**

**NIT No. :- CGM/BR/02/Pur/8150** **Bhopal, Date : 27.11.2025**

**NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)**

E-tenders are invited from eligible bidders for following work :-

| Tender Specification | Particulars | Approx. Value (In Lakh) | Tender Fee (In Rs.) | Due date of Opening of Bid Online |
|---|---|---|---|---|
| CGM/BR/TS-145 | Supply of various material required for Repairing and Reconditioning of Beyond Guarantee Period Failed Distribution Transformers at STRU/MTRU | 16.00 Lakh | 2000/- + GST @ 18 % Extra | 12.12.2025 at 15:30 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company **website: https://portal.mpcz.in & https://mptenders.gov.in** or the under signed office.

M.P. Madhyam/123257/2025 **CHIEF GENERAL MANAGER (BHOPAL REGION)**

ADITYA BIRLA CAPITAL
PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

**आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः इंडियन रेयॉन कंपाउंड, वेरावल, गुजरात - 362 266। कॉर्पोरेट कार्यालयः 12वीं मंजिल, आर टेक पार्क, निरलॉन कॉम्प्लेक्स, हब मॉल के पास, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400 063, महाराष्ट्र।

**कब्जे की सूचना [सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का नियम 8 (1) देखें]**

दिनांक 11.03.2024 की विलय योजना के तहत आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड और आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के बीच हुए विलय के कारण, जिसे राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण - अहमदाबाद द्वारा 24.03.2025 को पारित आदेश में विधिवत दर्ज किया गया है, नीचे अनुसूची 'ए' में उल्लिखित बंधक संपत्ति के संबंध में आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड द्वारा शुरू की गई सभी SARFAESI कार्रवाइयाँ, समामेलित कंपनी, आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड को हस्तांतरित हो जाती हैं। तदनुसार, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के अंतर्गत आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड (ABCL) के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत नीचे उल्लिखित दिनांकित एक मांग सूचना जारी की है, जिसमें आपसे, उधारकताओं (नाम और पते नीचे दिए गए हैं) से उक्त सूचना में उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज की राशि, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर चुकाने का आह्वान किया गया है।

नीचे उल्लिखित उधारकताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, नीचे उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित, नीचे वर्णित संपत्ति का प्रतीकात्मक कब्जा ले लिया है। नीचे उल्लिखित उधारकताओं, विशेष रूप से और आम जनता को एतद्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड (ABCL) के अधीन होगा जिस पर नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज लगेगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

| उधारकर्ता का नाम | मांग नोटिस की तारीख और ओ/एस राशि। | अचल संपत्ति का विवरण (बंधक संपत्ति) | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| 1. मेसर्स जैन एंटरप्राइजेज, इसके मालिक के माध्यम से श्री राहुल कुमार जैन, 2. श्री राहुल कुमार जैन, (साबू लाल जैन के पुत्र) 3. मेसर्स जैन ट्रेडर्स, इसके मालिक के माध्यम से श्री ज्योति जैन, 4. श्रीमती ज्योति जैन, (राहुल जैन की पत्नी) लैनः ABBHOSTS000000600768 | डीएन दिनांकः 08.09.2025 रु. 77,90,655.34/- 08.09.2025 तक | संपत्ति-कआवासीय भूखंड संख्या 48, सर्वेक्षण संख्या 382 (नया-382/3/2) का भाग, गुलमोहर कॉलोनी, क्षेत्रफल 1750 वर्ग फुट, छावनी, नगर निगम वार्ड संख्या 10, तहसील एवं जिला सीहोर, मध्य प्रदेश में स्थित है, जिसकी सीमा निम्नानुसार हैः- पूर्वः अन्य भूमि, पश्चिमः 25 फुट चौड़ा रास्ता, उत्तरः अन्य भूमि, दक्षिणः 25 फुट चौड़ा रास्ता, संपत्ति-2:- आवासीय भूखंड सर्वेक्षण संख्या 382 (नया-382/3/2) का भाग, गुलमोहर कॉलोनी, क्षेत्रफल 825 वर्ग फुट, छावनी, नगर निगम वार्ड सं. 10, तहसील एवं जिला सीहोर, मध्य प्रदेश में स्थित है। सीहोर एम.पी., जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं:- पूर्वः 25 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिमः अन्य भूमि, उत्तरः अशोक मेवाड़ा का प्लॉट, दक्षिणः अन्य प्लॉट, संपत्ति-3:- आवासीय नगरपालिका मकान संख्या 285 का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल, प्लॉट संख्या 38/2 का भाग, नजूल शीट संख्या 122, क्षेत्रफल 83.61 वर्ग मीटर इंग्लिश पुराछावनी, नगरपालिका वार्ड संख्या 08, तहसील और जिला सीहोर एम.पी. में स्थित है। जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं:- पूर्वः रास्ता, पश्चिमः नाला, उत्तरः श्री भागीरथ जागड़े का मकान, दक्षिणः गुप्ता जी का प्लॉट। | 25.11.2025 (प्रतीकात्मक कब्जा) |

**स्थानः सीहोर, मध्य प्रदेश**
**दिनांकः 29.11.2025**

**एसडी/-**
**प्राधिकृत अधिकारी,**
**आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड**